विद्या सवार्थ साधिका

आनंदालय

सामयिक परीक्षा-**3**

कक्षा : ग्यारहवीं

विषय : हिंदी (302) | अधिकतम अंक : 40

दिनांक : 04-01-2024 | समय : 1 घंटा 40 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - **'अ'**, और **'ब'**
2. खंड **'अ'** में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड **'ब'** में पाँच वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित) प्रश्न हैं|
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड - 'अ'

1. गद्यांश के नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1x5=5)

1971 के भारत-पाक युद्ध में समुद्र में जीत हासिल करने में भारतीय नौसेना द्वारा निभाई गई निणार्यक भूमिका की याद में प्रति वर्ष 04 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है | यह एक ऐसा अवसर है जब हम अपने शहीदों को श्रध्दांजलि अर्पित करते हैं तथा अपने सेवानिवृत्त सैनिकों और युद्ध-विधवाओं के बलिदान को याद करते हैं | इस दिन भारतीय नौसेना राष्ट्र की निरंतर सेवा के प्रति अपनी वचनबद्धता और निष्ठा को दोहराती है | भारत की समुद्री शक्ति के प्रमुख उपादान और अभिव्यक्ति के रूप में समुद्री अधिकार-क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा की निगरानी और उसमें बढोत्तरी के लिए भारतीय नौसेना एक अहम भूमिका का निर्वाह करती है अधिकांशत: जनता की नजरों से दूर 'खामोशी के साथ काम करने वाली इस सेना' के आकार और क्षमता में स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद वृद्धि हुई है, जो सतत रूप से बढ़ते इसके कार्यक्षेत्र तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में इसके बढ़ते महत्व के अनुरूप है | नौसेना की सक्रियात्मक गतिविधियों में तदनुसार संगत विस्तार हुआ है तथा इसमें हिंद महासागरीय क्षेत्र तथा उससे परे के क्षेत्रों का भी समावेश हो गया है | यह जानकर शुख्द अनुभूति होती है कि नौसेना हमारी विस्तृत समुद्री सीमाओं की निरंतर चौकसी कर रही है और उनमे पेश आने वाले खतरों और चुनौतियों का हमेशा तेजी से और पूरी दक्षता के साथ मुकाबला किया है | समुद्री डकैती की रोकथाम, प्राक्रतिक आपदाओं और मानवीय त्रासदी के दौरान तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में भारतीय नौसेना की अनवरत प्रतिवद्धता वास्तव में सराहनीय है | मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे समर्पित और निष्ठावान नौसेना कार्मिक राष्ट्र द्वारा उन्हें सौंपे गए दायित्वों को पूरा करने के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे |

(i) 'समावेश' शब्द में कौन-सी संधि है?

(क) गुण (ख) वृद्धि (ग) अयादि (घ) दीर्घ संधि

(ii) सामना करना' के लिए अनुच्छेद में आया है:

(क) चौकसी करना (ख) निर्वाह करना

(ग) मुकाबला करना (घ) भूमिका निभाना

(iii) परंपरागत' से तात्पर्य है:

(क) परंपरा से गए हुए (ख) परंपरा से मिले-जुले

(ग) परंपरा से आए हुए (घ) पराए वश में पड़े हुए

(iv) जानकर बहुत आनंद प्राप्त होता है कि हमारी नौसेना:

(क) विशाल समुद्री सीमा की चौकसी कर रही है|

(ख) विशाल युद्धों में भाग लेती है |

(ग) जनता की नजरों से दूर रह कर काम करती है |

(घ) विशाल हिंद महासागर में स्थित है |

(v) अहम भूमिका' से तात्पर्य है:

(क) अहंकार से भरी भूमिका (ख) अभिमान से पूर्ण भूमिका

(ग) महत्वपूर्ण भूमिका (घ) अपनी भूमिका

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x4=4)

रेशम जैसी हँसती खिलती, नभ से आई एक किरण
फूल-फूल को मीठी, मीठी, खुशियाँ लाई एक किरण
पड़ी ओस की कुछ बूंदें, झिलमिल-झिलमिल पत्तों पर
उनमें जाकर दिया जलाकर, ज्यों मुसकाई एक किरण
लाल-लाल थाली-सा सूरज, उठकर आया पूरब में
फिर सोने के तारों जैसी, नभ में छाई एक किरण

(i) '<u>लाल-लाल</u> थाली-सा सूरज, उठकर आया पूरब में' रेखांकित पद में अलंकर है -

(क) अनुप्रास (ख) यमक

(ग) पुनरुक्ति प्रकाश (घ) रूपक

(ii) किरण फूलों के लिए क्या खुशियाँ लेकर आई?

(क) सुंदरता (ख) सुगंध

(ग) मीठी-मीठी खुशियाँ (घ) श्रीकृष्ण को

(iii) ओस की बूंदों ने पत्तों पर क्या किया?

(क) उन्हें चमका दिया (ख) उन पर एक दिया-सा जला दिया

(ग) उन्हें नहला दिया (घ) उन्हें चमका दिया

(iv) सूरज की विशेषता है

(क) आदिकाल की (ख) आधुनिक काल की

(ग) भक्तिकाल की (घ) रीतिकाल काल की

3. गद्यांश के नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1x5=5)

कभी ऐसा भी होता कि जब मैं किसी जलसे में पहुँचता, तो मेरा स्वागत 'भारत माता की जय!' इस नारे से ज़ोर के साथ किया जाता। मैं लोगों से अचानक पूछ बैठता कि इस नारे से उनका क्या मतलब है? यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं। मेरे सवाल से उन्हें कुतूहल और ताज्जुब होता और कुछ जवाब न बन पड़ने पर वे एक-दूसरे की तरफ या मेरी तरफ देखने लग जाते। मैं सवाल करता ही रहता। आखिर एक हट्टे-कटटे जाट ने, जो अनगिनत पीढ़ियों से किसानी करता आया था, जवाब दिया कि भारत माता से उनका मतलब धरती से है। कौन-सी धरती? खास उनके गाँव की धरती या जिले की या सूबे की या सारे हिंदुस्तान की धरती से उनका मतलब है? इस तरह सवाल-जवाब चलते रहते, यहाँ तक कि वे ऊबकर मुझसे कहने लगते कि मैं ही बताऊँ।

(i) सब से अधिक प्रश्न कौन पूछते थे?

(क) मजदूर (ख) किसान (ग) व्यापारी (घ) डॉक्टर

(ii) भारत माता दरअसल क्या है?

(क) ज़मीन (ख) सेना (ग) नेता (घ) करोड़ों देशवासी

(iii) नेहरू जी बच्चों के बीच में किस रूप में जाने जाते थे?

(क) मामा (ख) ताऊ (ग) चाचा (घ) भाई

(iv) किसने यह उत्तर दिया था- "भारतमाता से उनका मतलब धरती से है" ?

(क) जाट ने (ख) अध्यापक ने (ग) नेता ने (घ) डॉक्टर ने

(v) जब नेहरू किसी सभा में पहुँचते, तो उनका स्वागत से किया जाता -

(क) हिंदुस्तान की जय (ख) भारत माता की जय

(ग) अफगानिस्तान की जाऊ (घ) देश की जय

## खंड- 'ब ' (वर्णनात्मक)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

(i) जन संचार क्या है ? उसके लाभों पर प्रकाश डालिए |

(ii) शब्दकोश के लाभ बताइए|

(iii) पत्रकारिता से क्या आशय है ?

(iv) डायरी लेखन का महत्त्व बताइए |

5. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (3x3=9)

(i) अहंकार ईश्वर प्राप्ति में बाधक है। कैसे? 'हे भूख मत मचल' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए |

(ii) आज़ादी से पूर्व किसानों की समस्याओं पर प्रकाश डालिए। इसका स्वतंत्रता संग्राम से क्या संबंध था? भारत माता पाठ के आधार विश्लेषण करिए |

(iii) सबसे खतरनाक' कविता का प्रतिपाद्य बताइए।

(iv) सरकारी दफ्तरों में औपचारिकताओं की उलझन मनुष्य के जीवन से भी बड़ी है।' 'जामुन के पेड़' के आधार पर सिद्ध कीजिए।

6. भारतीय कलाओं के बारे में टिप्पणी कीजिए। (3x1=3)

अथवा

हमारी कलाओं को त्योहारों, उत्सवों से अलग करके क्यों नहीं देखा जा सकता ?

7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लेखन कीजिए | (5×1=5)

(i) युवा असंतोष : कारण व समाधान

(ii) परीक्षा के कठिन दिन

(iii) मनुष्य वही है जो मनुष्य के लिए मरे

8. आजकल मिलावट का धंधा जोरों पर है। व्यापारी अधिक मुनाफा बढ़ाने के लिए हर वस्तु में मिलावट करने लगे हैं। इसकी शिकायत करते हुए जिला खादय निरीक्षक को पत्र लिखिए। (100 शब्दों में) (5×1=5)

अथवा

चुनाव प्रचार में शहर के विभिन्न दीवारों पर लिखने, पोस्टर चिपकाने की वजह से दीवारों की हालत बड़ी अजीब सी एवं शहर गंदगी दिख रही है | इस समस्या के समाधान हेतु किसी दैनिक समाचार पत्र लिखिए | (100 शब्दों में)